## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची में नये मतदाता का नाम जोड़ने के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जायें, इसके लिए 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। ऐसे युवा जो 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र हैं। इसके अलावा छूटे हुए मतदाताओं का नाम भी सूची में जोड़े, जिससे कोई भी मतदाता, मतदान से वंचित न रह जाए।

### कक्षा 6वीं की सीटों के लिए 11 फरवरी को होगी परीक्षा

**कटनी।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा के लिए 8 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 बजे होने वाली परीक्षा के लिए 29 जनवरी से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता पाने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध प्रवेश के लिये पात्र होंगे। विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। पी.वी.टी.जी. व कोविड में माता-पिता को खो चुके विद्यार्थियों हेतु आरक्षण-इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया और सहरिया), विमुक्त जनजातियां और घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ समुदाय के विद्यार्थियों के लिये सीटें आरक्षित की गईं हैं। साथ ही वे बच्चे, जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद/उग्रवाद या कोविड आदि के कारण खो दिया है, उनके लिए भी सीटें आरक्षित रखी गई हैं।

### 13 और 20 जनवरी को विशेष कैंप लगाएं जाएंगे

**कटनी।** फोटो निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा,। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने मतदाता सूची से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि एवं मृत मतदाताओं के नाम को हटाने की कार्यवाही की भी हिदायत दी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही जिले में भी फोटो निर्वाचक नामावली 2024 की प्रारंभिक गतिविधियां शुरू हो गई है। 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 8 फरवरी को फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 और 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा जुड़वा सकेंगे नाम। फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत जिन युवाओं की उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की पूर्ण हो रही है, वे युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जो युवा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे भी मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं।

### करेला के जंगल में चीतल की संदिग्ध मौत

**कटनी।** बरही वन परिक्षेत्र अंतर्गत करेल के जंगल में एक चीत की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। जानकारी मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल कर पंचनामा कार्यवाही की गई। चीतल की मौत कैसे हुई कारण स्पष्ट नहीं हो सके, जांच जारी है।

### कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर रविवार को फिर हुई बड़ी कार्यवाही

# धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही, अमानक पर सेम्पल





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार को उमरियापान नायब तहसीलदार आशीष चतुर्वेदी ने मडेरा धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में केंद्र के भीतर 6 ट्रॉली धान अमानक मिली। उक्त उपज उमरियापान निवासी विनोद पिता गनेश प्रसाद तिवारी है। अमानक उपज के होने पर नायब तहसीलदार ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ब्रजेश जाटव को मौके पर बुलाकर जांच कराई गई। जांच उपरांत केंद्र प्रभारी अश्वनी शुक्ला को निर्देशित किया गया कि उपज को अपग्रेड कराने के बाद ही किसान की उपज खरीदे। बगैर अपग्रेड के धान की उपज की खरीदी किये जाने पर उपज को रिजेक्ट किया जाएगा। अधिकारियों ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर उपज के सेंपल भी लिया है।

### इन स्थानों में हुई कार्यवाही

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर संयुक्त नाकों में अवैध अनाज परिवहन के मामलों की निगरानी हेतु उडनदस्ता दल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही गठित दल द्वारा अवैध भंडारण पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी वजह से विगत दिवस रविवार को उमरिया पान मार्ग पर उमरिया पान से सिहोरा मंडी के लिए अवैध परिवहन हो रही 30 क्विंटल धान वाहन सहित जब्त करनें में दल को बडी सफलता मिली। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में गठित दल द्वारा उपमंडी उमरिया पान के निरीक्षण के दौरान प्रांगण में कल्लू गुप्ता के नाम से 200 बोरी धान का अवैध भंडारण पाए जाने पर प्रकरण तैयार किया जाकर मंडी शुल्क वसूलने की कार्यवाही हुई।

### अवैध परिवहन करते पकड़ा

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कृषि उपज मंडी समिति के मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका के मार्गदर्शन में वाहन क्रमांक एम.पी 20 जी.बी. 9963 द्वारा कृषि उपज धान का अवैध परिवहन करते हुए पकडे पाये जाने तथा उपमंडी उमरिया पान में 200 बोरी धान का अवैध भंडारण पाए जाने पर दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप में 24 हजार 408 रूपये की वसूली की जाकर कार्यालय में जमा कराई गई है। जांच दल मे सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार चौधरी, किशोर कुमार पनिका, हरिओम कौरव, अमित केशवानी, अजय पड़वार की सहभागिता में कार्यवाही की गई।



# पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने आश्रम निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री रविवार को नगर के पुरैनी क्षेत्र पहुंचे। धीरेन्द्र शास्त्री पुरैनी में बनाने जा रहे बागेश्वर धाम आश्रम का भूमिपूजन करने पहुंचे थे। भूमि पूजन कार्यक्रम में भारी संख्या में दर्शनार्थियों का जन सैलाब उमड़ा रहा। धीरेंद्र शास्त्री की एक झलक पाने के लिए लोग आतुर दिखाई दिए। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर शास्त्री ने पुरैनी मे बनने जा रहे आश्रम के भूमि पूजन में पूजा-अर्चना की। बाबा बागेश्वर ने मंच पर पहुंचकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान जय श्रीराम के नारे लगते रहे।

पुरैनी क्षेत्र मे 7 हजार बर्गफुट भूमि पर बागेश्वर धाम आश्रम का निर्माण किया जाना हैं जिसका रविवार को भूमि पूजन कार्यक्रम था । पुरैनी निवासी भैरव नाथ ने मंदिर और आश्रम के निर्माण के लिए दान की हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन कि ओर से लगभग 400 पुलिस बलों कों सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किया गया था। सुरक्षा की दृष्टि के मध्येनजर पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत रंजन , अतरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडीया , नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा नें खुद सुरक्षा की कमान संभाली। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही । पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हम किसी धर्म के विरोधी नहीं, लेकिन सनातन धर्म का झंडा फहराएंगे। बागेश्वर धाम में एक मार्च से 8 मार्च तक कन्या विवाह सम्मेलन में कटनी वासियों को पहुंचने का आमंत्रण दिया।

*सामूहिक रूप से की गई प्रार्थना, एक दूसरे को दी शुभकामनाएं*

# नगर के गिरजाघरों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

क्रिसमस का पर्व बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया । ईसाई समुदाय के लोग गिरजाघर और अपने-अपने घरों में गौशाला बनाकर उसमें प्रभु यीशु का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया। शहर के गिरजाघरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। शहर के प्रमुख चर्च एसएस फिलिप एंड जेम्स चर्च सहित सेंटपॉल चर्च, लखेरा चर्च, ओएफके चर्च, रोशन नगर चर्च में धर्मगुरुओं के सान्निध्य में रात प्रार्थना कराई जाएंगी। मसीही समाज का हर कोई जन्मोत्सव में भाव-विभोर नजर आएगा। सीएनआई चर्च में रेव्ह थॉमस कुजूर



द्वारा प्रार्थना कराकर प्रभु यीशू महीस का संदेश दिया गया।। प्रभु यीशू मसीह ने पूरे जीवन में गरीब, दुखी लाचार की सेवा की। लोगों को मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। मानव जीवन के उद्धार के लिए अपने प्राणों का बलिदान क्रूज पर कर दिया। इस मौके पर समाज के लोग सामूहिक रूप से प्रार्थना में शामिल हुए। क्रिसमस नाइट भी प्रार्थनाओं के बीच बीती, इस मौके पर कई बच्चे उत्सव में शामिल हुए और सांस्कृतिक प्रस्तुति दीं।

### बनाते है गौशाला

ईसाई धर्म की मान्यता के अनुसार, प्रभु यीशु का जन्म 25 दिसंबर को हुआ था। जिसकी वजह से इस दिन को क्रिसमस के तौर पर मनाया जाता है। प्रभु यीशु का जन्म बेथलहम के एक गौशाला में हुआ था। इसलिए ईसाई समुदाय के लोग हर साल 25 दिसंबर क्रिसमस के अवसर पर गिरजाघरों और अपने घरों में गौशाला बनाते हैं। जिसमें लोग प्रभु यीशु का जन्म दिवस धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन को बड़ा दिन भी कहा जाता है। जो प्रेम, सद्भाव के साथ आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

## क्रिसमस एवं नूतन वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गोपाल नगर कटनी द्वारा आयोजित क्रिसमस ओर नूतन वर्ष के प्रोग्राम पर उपस्थित ब्रह्माकुमारी सृष्टि अभिलाषा ज्योति करिश्मा खुशी हीना बहन श्याम गुप्ता ,कमलेश गुप्ता, तुलसा राय, रजनी गुप्ता ,मालती सिंह ,बबीता पटेल, रेखा यादव, हेमा सिंह, भारती तिवारी, नेहा गुप्ता, उषा गुप्ता, शोभा गुप्ता, शशि कोस्टा, सुषमा, मंजू निगम ,मंजू देवासी ,शैलेश तिवारी, कौशल्या तिवारी, सुधा तिवारी, सृजना पांडे ,मीना पटेल सृष्टि पांडे, यश भाई, आशु भाई अजय भाई मुकेश भाई जनार्दन भाई आदि भाई बहनों की उपस्थिति रही।

# जीसीए जबलपुर टीम ने जीता उद्घाटन मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

खेल विकास समिति के तत्वाधान में सोमवार से उमरियापान स्थित अंधेलीबाग ग्राउंड में 27वीं लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी शुरु हुई। अतिथियों ने समिति के मार्गदर्शक रहे स्व.मुरारीलाल चौरसिया, पूर्व सैनिक दिनेश चौरसिया, शिक्षक राकेश दाहिया एवं स्व. रविशंकर चौरसिया के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर स्पर्धा का शुभारंभ किया। तदुपरांत अतिथियों ने फीता काटकर व्हीसीए रीवा और जीसीए जबलपुर के बीच उद्घाटन मैच शुरु कराया। मैच में जबलपुर टीम ने 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज कराई ।

इस दौरान अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय भी प्राप्त



किया। इस अवसर पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, शिवकुमार चौरसिया, डीपी त्रिपाठी, पदमेश गौतम, सरपंच अटल ब्यौहार, विजय दुबे, राजा चौरसिया, राजेश ब्यौहार, जितेन्द्र अरोरा, गोविंद प्रताप सिंह, अश्वनी शुक्ला, जागेश्वर सोनी, सचिव सतीश गौतम, मोहनलाल चौरसिया, शुशांक चौरसिया, चंद्रेश चौरसिया, प्रमोद असाटी, अध्यक्ष आशीष चौरसिया, ओमप्रकाश पटेल, सिद्घार्थ दीक्षित, संदीप चौरसिया, हनी चौरसिया सहित खेलप्रेमियों की उपस्थिति रही। स्पर्धा में आज 26 दिसंबर को बाबा बफार्नी विंध्य टीम और जेपी जबलपुर के बीच दूसरा लीग मैच खेला जाएगा।

*बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम बचैया में हुई वारदात*

# तीन लोगों ने वृद्ध को उतारा मौत के घाट, दो गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम बचैया में एक वृद्ध की हत्या किये जाने की घटना सामने आई है। दरअसल 1 साल पहले लड़की के घर छोड़कर भाग जाने व विवाह कर लेने की बात को लेकर लड़की का पिता अपने पड़ोसी पर संदेह करता रहा। इसी बात को लेकर गत रात्रि लड़की के पिता ने अपने पड़ोसी के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी सर पर गंभीर चोट आने के कारण वृद्ध पड़ोसी की अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। पुलिस ने गत रात्रि हुई इस घटना के कुछ घंटे के अंदर ही दो आरोपियों को पकड़ लिया है जबकि एक फरार बताया जा रहा है।

बहोरीबंद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि 24 दिसंबर 2023 की रात फरियादिया श्रीमति कुसम बाई पति गुलाब रजक 60 साल निवासी ग्राम बचैया ने रिपोर्ट की थी की करीब 1 साल पहले उसके पडोसी की लडकी गांव के निखिल भुमिया के साथ भाग गई थी और उसके बाद उसने उससे सादी कर ली थी। पड़ोसी उसी समय से मेरे पति गुलाब रजक व लडके अनिल रजक पर संदेह करते थे कि इन लोगो ने लडकी भगाने में मदद किया है। किसी बात पर से पड़ोसी व उसके परिवार वाले हम लोगो से बैर रखते थे। 24 दिसंबर 2023 की रात करीब साढ़े 8 बजे गुलाब रजक बजार से आकर अपने घर के सामने की बाडी में खड़े थे तो पडोस में रहने वाला पड़ोसी अपने घर के सामने खड़े होकर गाली देने लगा। मेरे पति ने गाली देने से मना किया तो नारायण पटेल व उसका भाई रमेश व सुनील पटेल गाली देते मेरी बाडी में आये और रमेश से मारपीट करने लगे। इसी बीच सुनील ने डंडा से मारा नारायण पटेल ने पैर के घुटना से मेरे पति के पेट व सीना में मारा जिससे मेरे पति जमीन में गिरकर तपडने लगे। महिला ने बताया की तब मैं गांव के सरपंच को बुलाई फिर 108 गाडी से अपने पति को सरकारी अस्पताल बहोरीबंद ले गई तो डाक्टर ने मेरे पति गुलाब पिता मिठाई लाल रजक उम्र 62 नि.ग्राम बचैया को मृत घोषित कर दिया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 302, 34 ता. हि. का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, के निर्देशन में तथा SDOP अखिलेश गौर के द्वारा गठित टीम को साथ लेकर थाना प्रभारी बहोरीबंद सुरेन्द्र शर्मा द्वारा त्वरित कार्यवाही कर प्रकरण के आरोपी नारायण पटेल व सुनील पटेल को घटना के 15 घंटे के अंदर पकड लिया गया है। प्रकरण का एक आरोपी रमेश पटेल फरार हो गया है। जिसकी तलाश की जा रही है।

### कलेक्टर ने सामाजिक एवं स्वैच्छिक संगठन से भागीदारी का आग्रह

# कुपोषण मुक्त कटनी बनाने के संकल्प में सहयोग का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने कटनी जिले को मार्च 2024 तक कुपोषण मुक्त बनाने के संकल्प मे योगदान देने सामाजिक एवं स्वैच्छिक संगठनों से सामूहिक सहभागिता का आव्हान किया है। साथ ही संस्थाओं एवं जनसामान्य से कुपोषित बच्चों को गोद लेने की अपील की है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि कुपोषण देश और समाज के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुपोषण बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और कुपोषण प्रभावित बच्चे के परिवार को आर्थिक और मानसिक समस्याओं के कुचक्र से बाहर नहीं आने देता। कुपोषण को 0 से 59 माह के आयु वर्ग के बच्चों में तीन श्रेणियों में समझा जा सकता है। अति गंभीर कुपोषण (सैम), मध्यम कुपोषण (मैम) और सामान्य।

आईमैम कार्यक्रम अन्तर्गत कटनी ज़िले में आंगनवाड़ी कायकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा निरन्तर कुपोषित बच्चों को पूरक पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य जाँच, गृह भेंट एवं परामर्श, जैसी संस्थागत सेवाएं दी जाती हैं। साथ ही कुपोषण से लड़ाई में सामुदायिक सहभागिता को सम्मिलित किया गया है। जिले में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सेवा भारती, लघु उद्योग भारती, एसीसी सीमेंट, मानव जीवन विकास समिति एवं अन्य संगठनों द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट के माध्यम से पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है।



### बड़ी सफलता

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले मे अब तक चलाये गये अभियान के दौरान सामाजिक संगठनों की सहभागिता से जिले के नौनिहालों को कुपोषण के चुंगल से बाहर निकालने में बड़ी सफलता मिली है। जिसके परिणामस्वरूप जिले में अति गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों की संख्या जो अप्रैल 2023 में 211 थी, दिसंबर 2023 में घटकर 154 रह गई है एवं मध्यम कुपोषित (मैम) बच्चों की संख्या जो 1318 थी, घटकर 1011 हो गई है। इस प्रकार 9 माह की अवधि में 364 बच्चों के पोषण स्तर में कमाल का सुधार परिलक्षित हुआ है।

### गोद लेने की अपील

अब जिला प्रशासन ने मार्च 2024 तक कुपोषित बच्चों की संख्या को न्यूनतम स्तर पर लाकर, ज़िले को कुपोषण मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ज़िले को कुपोषण मुक्त बनाने संस्थाओं एवं जनसामान्य से कुपोषित बच्चों को गोद लेने की अपील की जाती है। कुपोषण निवारण में जिला प्रशासन को सहयोग, अटल बाल मित्र योजना के खाता नंबर 40560100000070, आई.एफ.एस.सी. कोड BARBOINDKAT बैंक ऑफ़ बड़ौदा, इंडसट्रियल एरिया, कटनी) में राशि देकर या कुपोषित बच्चों हेतु राशन उपलब्ध करवाकर किया जा सकता है। लोगों द्वारा उपलब्ध करवाई गयी सहायता राशि और राशन को जिला प्रशासन कुपोषित बच्चों तक पहुचायेगा।

### यहाँ करें संपर्क

समाज द्वारा की गई एक छोटी से पहल किसी बच्चे के जीवन में कुपोषण के अंधरे को मिटाकर सुपोषण का प्रकाश ला सकती है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 81 में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिनस कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

# फसलों की क्षति से राहत के लिए कराएं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई जिले में ए.आई.सी. बीमा कंपनी के माध्यम से अपनी रबी फसलों का बीमा 31 दिसम्बर, 2023 तक करा सकते है। ऋणी कृषकों का संबंधित वित्तीय संस्था के माध्यम से फसल बीमा किया जायेगा। अऋणी कृषक संबंधित बैंक से या बीमा अभिकर्ता अथवा सी.एस.सी. सेंटर के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते है।

रबी फसलों का बीमा कराने के लिये भू-अधिकार पुस्तिका या बी-1, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रमाणित प्रति तथा फसल बुआई प्रमाण पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ प्रस्ताव पत्र अपने मोबाईल नम्बर के साथ प्रस्तुत करना होगा। ऋणी कृषक जो फसल बीमा योजना से बाहर होना चाहते है। उन्हें भी बीमांकन की अंतिम तिथि से 07 दिवस पूर्व 24 दिसम्बर तक अपने संबंधित बैंक में आवश्यक रूप से सूचित करना होगा।

फसल बीमा कराये जाने पर प्राकृतिक आग (अकाशीय बिजली गिरना), बादल फटना, तूफान ओलावृष्टि, चक्रवात, बाढ, जलभराव, भूस्खलन, सूखा, कीट-व्याधियों इत्यादि से फसल नुकसान होने पर किसान भाई फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है। फसल बीमा के संबंध में किसान भाई ए.आई.सी. बीमा कंपनी के टोल फ्री नम्बर 18002337115, 18005707115 पर सम्पर्क कर सकते है।

## खबर संक्षेप




### खुले में मांस मछली विक्रय पर 4 दुकान कराई बंद

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खुले में मांस मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देशन में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं निगम टीम ने आज नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर खुले में मांस व मछलियों का विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही की। रविवार को कावसजी वार्ड में नगर निगम कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा 04 दुकानदारों की खुली दुकान को बंद करने की कार्यवाही की गई।

### बाइक सवार दंपत्ति हादसे का शिकार, पत्नी की मौत

**कटनी।** बाइक सवार एक दंपत्ति हादसे का शिकार हो गए जिसमें गंभीर रूप से घायल पत्नी की मौत हो गई। जानकारी अनुसार स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिचुआ में हादसा हुआ जिसमें महिला मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। बताया जाता है कि मंजीता पति सतेन्द्र कुमार वंशकार 39 निवासी ग्राम सिलुआ थाना गोसलपुर जिला जबलपुर की बाइक से गिरने के कारण आई चोटों से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### बका लेकर दहशत फैलाते युवक धराया

**कटनी।** बका लेकर दहशत फैला रहे एक युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर गायत्री नगर पुलिया के पास एंथोनी गोस्वामी 22 निवासी प्रेमनगर तिलक कॉलेज के समीप को बका लिए पकड़ा है। युवक किसी अपराधिक गतिविधि को अंजाम देने की फिराक में था।

### बिलहरी रोड में सट्टा पर्ची काट रहे सटोरिया को पुलिस ने पकड़ा



**कटनी।** सट्टा पर्ची काट रहे एक सटोरिये को कुठला पुलिस ने पकड़ा है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना पर बिलहरी रोड में रमेश भूमिया पिता निवासी गुलवारा को सट्टा पट्टी काटते हुए पकड़ा है। सटोरिया के खिलाफ धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### जिलाबदर के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**कटनी।** कैमोर पुलिस ने एक जिला बदर के आरोपी को जिला बदरी का आदेश जारी हो जाने के बावजूद क्षेत्र में घूमते हुए पकड़ कर उसे जेल भेज दिया है। कार्यवाही के संबंध में कैमोर थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 दिसंबर 2023 को मुखबिर की सूचना के आधार पर कैमोर पुलिस ने जिला दंडाधिकारी कटनी के जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर थाना कैमोर क्षेत्र में घूम रहे आरोपी दीपक उर्फ जानू गुप्ता पिता राजू उर्फ राजेश गुप्ता उम्र 20 साल निवासी ग्राम अमहेटा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उनि दिनेश करोसिया, सउनि श्याम बिहारी तिवारी, सउनि हुकुम सिंह, प्र.आर. प्रेम शंकर, प्र.आर. ताहिर खान, आर. विनोद, आर. विक्रम सिंह, आर. अजीत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुलिस की अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी ।

---

### तलब किया स्पष्टीकरण, कहा- आमजन से जुडे.मामलों मे लापरवाही करने वालों के विरूद्ध होगी सख्त कार्यवाही

# जिले के 8 कर्मचारियों को पदीय दायित्वों के निर्वहन में कोताही पड़ी मंहगी, कलेक्टर ने दी कार्यवाही की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में सुशासन के माध्यम से आमजन को संवेदनशील, जनोान्मुखी और जवाबदेह प्रशासन मुहैया कराने संकल्पित कलेक्टर अवि प्रसाद अपने भ्रमण और निरीक्षण के दौरान विकास एवं निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर खास नजर रखते है। वहीं जनाकांक्षाओं के विषयों पर पैनी निगाह रखते हुए जन के लिए तंत्र को समर्पित भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित करते है। वहीं प्रशासनिक कसावट के नजरिये से लापरवाह कर्मियों को कार्यो के प्रति सचेत और सतर्क करने समय-समय पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाती है। तभी तो निर्माण कार्यो की गुणवत्ता और स्कूल में आधार पुस्तक और पाठ्य पुस्तकें वितरित नहीं करने सहित छात्रावास से अधीक्षक की अनुपस्थिति जैसे मामलों पर 8 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिसमें 6 पी.आई.यू के इंजीनियर, एक प्राचार्य और एक छात्रावास अधीक्षक शामिल है।

### गुणवत्ता विहीन कार्य पर जांच के दिए निर्देश

जिले के ढीमरखेडा तहसील मे नवनिर्मित भवन शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा, सिलौड़ी एवं उमरियापान मे महाविद्यालय भवन का निर्माण 2021-22 में किया गया था। भवन अधिग्रहण पश्चात भवन कई जगह से क्षतिग्रस्त हाने संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए नव निर्मित भवनों के निर्माण कार्य एवं गुणवत्ता हेतु जांच समिति गठित कर अविलंब रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़ी सभी एजेंसियों को दो टूक कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य पाया जाता है तो ऐसे में संबंधित अधिकारी और ठेकेदार कड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

### सिलौंडी उपतहसील भवन के गुणवत्ताहीन कार्य पर उपयंत्री को नोटिस जारी, सात दिन में जवाब तलब

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विगत 7 दिसंबर को विकासखण्ड ढ़ीमरखेड़ा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सिलौंड़ी के उप तहसील कार्यालय का निरीक्षण के दौरान दिसंबर 2021 में करीब दो वर्ष पहले बनकर तैयार हुए इस उपतहसील भवन की दीवारों में दरारें दिखाई दे रहीं थी। साथ ही घटिया गुणवत्ता की वजह से कमरों एवं बाथरूम मे लगी टाईल्सें टूटी हुई पाईं गई। भवन का निर्माण होने के महज दो वषो में ही उपतहसीलभवन जर्जर व गुणवत्ताहीन पाये जाने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विकासखण्ड ढीमरखेडा के पी.आई.यू लोक निर्माण विभाग उपयंत्रीयशवंत अवधरिया को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

### अधिकारियों को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस

ढीमरखेडा तहसील मे नवनिर्मित भवन शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा, सिलौड़ी एवं उमरियापान मे महाविद्यालय के नव निर्मित भवनों के निर्माण कार्य एवं गुणवत्ता की जांच हेतु गठित जांच समिति द्वारा महाविद्यालय के निर्माण कार्य एवं गुणवत्ता मे कमियां पाये जाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा लोक निर्माण विभाग कटनी परियोजना यंत्री श्री डी.के.मिश्रा, यशवराम अवढारिया, संभागीय परियोजना यंत्री श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव, श्री के.पी.कुजूर सहित श्री एम.के. द्विवेदी को निर्माण कार्यो में लापरवाही करने पर कारण बताओ नोटिस जारी जारी कर 7 दिवस मे समक्ष में उपस्थित होकर सकारण जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

### पुस्तकें वितरित न करना प्राचार्य को पड़ा मंहगा

कलेक्टर को हायर सेकेण्ड्री स्कूल पिपरौंध के निरीक्षण के दौरान छात्रों से पता चला कि मिशन - 45 के तहत तैयार गणित और जीव विज्ञान विषय की आधार बुकलेट छात्रों को वितरित नहीं की गई है। इसी प्रकार रसायन भाग-2, अंग्रेजी की फलेमिंगों, हिन्दी एवं भौतिक शास्त्र की माह जुलाई से ही कक्षा 12वीं के छात्रों को पाठ्य पुस्तकें वितरित नहीं की गइ्र। कलेक्टर ने इस पर गहन नाराजगी जाहिर करते हुए पिपरौंध की प्राचार्य रक्षा पाठक की लापरवाही मानते हुए 7 दिवस के भीतर सकारण जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

### अनुपस्थित छात्रावास अधीक्षक को नोटिस

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर नायब तहसीलदार बिलहरी द्वारा शासकीय सीनियर जनजाति बालक छात्रावास घुंघरा का बजे निरीक्षण के दौरान छात्रावास का गेट खुला हुआ पाया गया तथा छात्रावास में कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के लगभग 35 छात्र उपस्थित पाये गए। किन्तु छात्रावास अधीक्षक नागेन्द्र सिंह अनुपस्थित पाये गए थे। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने शासकीय सीनियर जनजाति बालक छात्रावास घुघरा के अधीक्षक नागेन्द्र सिंह को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतनें और छात्रावास में अनुपस्थित पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस में सकारण जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

---

### भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## अटल की राजनीतिक सुचिता, सिद्धांत सदैव हम सभी के पथ प्रदर्शक रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अटलजी राष्ट्रवाद के पताका को लेकर चले और राजनीति के माध्यम से समाज में कार्य करते हुए राष्ट्रवाद की भावना को जन जन तक पहुचाने का कार्य किया। अटल बिहारी की जन्मजयंती को हम सभी सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं। आज अटलजी की सुशासन की परिकल्पना को साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। अटलजी हमारे मार्गदर्शक और पथप्रदर्शक थे वे एक अद्भुत नेता, मौलिक चिन्तक राष्ट्रवादी विचारक और सम्मोहित करने वाले वक्ता थे। अटल ने मूल्यों और आदर्श पर आधारित सुचिता पूर्ण राजनीति के जरिये विकास और सुशासन के युग की शुरुआत की। यह बात आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कही। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अटल जी हमारे दिल मे उनके सिद्धान्त और राजनीतिक सुचिता के रूप में सदैव अटल रहेंगे।

कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष रणवीर कर्ण तथा आभार प्रदर्शन सौरभ अग्रवाल ने किया। इसके पूर्व पं अटल बिहारी बाजपेई के तैलचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित तथा पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

श्री टण्डन ने कहा कि आज हम और हमारी पार्टी जिस मुकाम पर है उसके पीछे स्व. अटलजी जैसे पितृपुरूषों का त्याग और तपस्या है। संगठन में अनुशासन और सत्ता में सुशासन के जिस मूल मंत्र के रूप में पं. अटल बिहारी बाजपेई ने अपना कर्तव्य निभाया उसे किसी भी शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही अटल जी को सच्ची आदरांजलि है।

संगोष्ठी कार्यक्रम को महापौर प्रीति सूरी, केडीए अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, वरिष्ठ नेता संतोष जायसवाल, कैलाश जैन, सुरेश सोनी, सपना सरावगी, ऊषा पांडेय ने सम्बोधित करते हुए अटल जी के अटल व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

---

### कटनी टीम ने जीता तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच



शरद चौबे की पुण्य स्म्रति में चल रहे जिला स्तरीय लाल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगता का तीसरा क्वाटर फाइनल मैच तिलसानी और कटनी के बीच खेला गया जिसमें कटनी टीम से टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। कटनी टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 215 रन बनाए। तिलसानी टीम को लक्ष्य दिया 215 रनों का। वही तिलसानी टीम इस लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 11 ओवर ही खेल पाई और मात्र 81 रनों पूरी टीम आल आउट हो गई। इस तरीके से कटनी इस मैच को 134 रन से जीत गई। और सेमीफाइनल में प्रवेश कर ली। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे रंजीत परिहार जिन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से तिलसानी टीम को धराशाही कर दिया। 5 विकेट लिए रंजीत परिहार ने वही इस मैच के मुख्य अतिथि रहे। प्रकाशमणि बैरागी,रतन बर्मन, रमेश साहू,उमेश कुमार बैरागी, संतोष विश्वकर्मा। वही इस मैच के निर्णायक रहे जय अरविंद बर्मन( मासाब),देवेंद्र नगपुरे। कमेंट्री का भार था नवीन त्रिपाठी, कमलेश बर्मन, पिंटू पटेल।

---

### पुलिस कप्तान ने कहा इस तरह की घटना का पता चलता है तो होगी कार्यवाही

## धर्मांतरण शिकायत मामले की जांच करने एसडीओपी को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ढीमरखेड़ा थाना कि सिलोंडी पुलिस चौकी के कोशम घाट गांव में धर्मांतरण को लेकर प्रार्थना सभा की शिकायत गत दिवस सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने पूरे मामले की जांच स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर को सौंप दी है। इस मामले को लेकर सिलोंडी भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत राय ने एसपी से इसकी शिकायत की थी।

गौरतलब है कि ग्राम कोसम घाट निवासी बबलू महोबिया ने अपने घर पर प्रार्थना सभा आयोजित की थी। जिसमें बाहर से आए कुछ लोग दूसरी भाषा में कुछ पढ़ने के साथ गा रहे थे। जिसे सुनकर ग्रामीण अचंभित हो गए। जानकारी जुटाने पर पता चला कि युवक और उसकी मां ने क्रिश्चियन धर्म अपनाने के बाद हिंदू देवी देवताओं की पूजा बंद कर हिंदू त्योहार मनाना बंद कर दिया।

### एसडीओपी करेंगे जांच

इसकी जानकारी मिलते ही मंडल अध्यक्ष डॉक्टर राय ने एसपी अभिजीत रंजन को मामले की शिकायत की। उन्होंने बताया कि कई अन्य जगहों से यहां ग्रामीणों को इकठ्ठा कर धर्मांतरण का प्रयास किया। जिसके बाद एसपी ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रकरण की जांच एसडीओपी को सौप दी है।

बताया जाता है की बैठक में ग्रामीणों के साथ गांव में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी शामिल रही। जिसकी शिकायत परियोजना अधिकारी से भी की गई है। बताया जाता है कि जबलपुर जिले के कुंडम तहसील के ग्राम बिलसरा और सिमरिया में धर्मांतरण गिरोह के सदस्य सक्रिय हैं।

### शिकायत मिली है : एसपी

इस पूरे मामले को लेकर बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने कहा कि धर्मांतरण की शिकायत प्राप्त हुई है। जिसके आधार पर प्रकरण की जांच के लिए एसडीओपी स्लीमनाबाद को निर्देश दिए गए हैं। यदि इस तरह की कोई घटना होना पाया जाता है तो कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

---

### अव्यवस्थाओं को शीघ्र ही दुरूस्त करने दिये निर्देश

## निगम आयुक्त ने बस स्टेण्ड स्थित रैन बसेरा का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रविवार को निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा बस स्टेण्ड स्थित संचालित रैन बसेरा में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें रैन बसेरा में गेट के पास काउंटर बनाने डबल डेकर को साइड में कराने केयर टेकर प्रभारी का नाम लिखवाने आने वाले लोगों के बिस्तर को व्यवस्थित करने खिड़की के टूटे हुए कांच को सही करने खुली जाली में प्लास्टिक फाइबर से ट्रांसपेरेंट सीट से बंद करने शॉर्ट सर्किट का सुधार कराने पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करानें टीवी चालू कराने हीटर लगाये जाने एवं स्वच्छ कपड़े विछाने 02 हीटर महिला कक्ष में लगाए जाने टीवी का रिचार्ज कराने सिटी केबल नेटवर्क के माध्यम से केबल कनेक्शन कराये जाने महिला प्रशाधन में एक बाथरूम को लॉक किया गया था जिसे तत्काल खुलवाकर सफाई कराने महिला स्नानागार में गीजर बंद है उसका भी सुधार कार्य कराने महिला प्रशाधन स्नानागार में सोलर हीटर लगवाए जाने खुली हुई एग्जास्ट वाली खिड़की एवं सभी खिड़कियों को बंद कराने पेयजल की समुचित व्यवस्था कराये जाने कपड़ों की धुलाई परिसर की साफ सफाई एवं पानी टंकी की साफ सफाई कराने सिटी मैनेजर एवं योजना प्रभारी द्वारा रैन बसेरा का प्रतिदिन निरीक्षण करने स्टाफ को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने प्रतिदिन अलाव की व्यवस्था कराने अलाव हेतु वाहन उपलब्ध कराकर बैनर पोस्टर लगाने रैन बसेरा का एक नया हेल्पलाइन नंबर बनाये जाने वाटर कूलर की मरम्मत कराये जान इन्वर्टर की व्यवस्था सुचारू कराने प्रतिदिन साफ.सफाई कीटनाशक दवा का फागिंग मशीन से छिड़काव कराने विश्राम करने वालों के लिए आलमारी लाकर की व्यवस्था कराये जाने संपूर्ण रेन बसेरा परिसर में लेखन कार्य सही कराने सीढ़ी के नीचे पार्टीशन करके आलमारी वगैरा बनाये जाने अव्यवस्थित तारों को व्यवस्थित करने रेन बसेरा का एंट्रेंस हेतु टाइल्स लगाकर के सुंदृढ़ीकरण कराने एंट्रेंस में आने वाले नाले की सफाई कराये जाने चैनल गेट की पुताई कराये जाने गाड़ी से ठंड में बेघर एवं सड़क में सोने वालों को रैन बसेरा लाने के लिए अतिक्रमण विभाग की ड्यूटी लगाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

---

### महापौर ने कहा शासन की विभिन्न योजनाओं से सैंकडों हितग्राही हुए लाभांन्वित

## संकल्प यात्रा का समापन, कलेक्टर ने योजनाओं के काउंटरों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत माधवनगर उपकार्यालय में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक नौवें चरण का शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी भाजपा जिलाध्यक्ष टीपक टंडन सोनी आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल विकसित भारत संकल्प के संयोजक सुनील उपाध्याय पार्षद सीमा श्रीवास्तव रेखा संजय तिवारी गोविंद चावला रणवीर कर्ण बागीश आनंद पूर्व पार्षद राजू माखीजा विजय डब्बू रजक उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहायक यंत्री आदेश जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुये दीप प्रज्जवलित किया।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा माधव नगर उपकार्यालय में चल रहे नौवें चरण के शिविर में पहुंच कर सभी योजनाओं के लगाये गये काउन्टरों का निरीक्षण किया गया। शिविर में महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभ मिला है।

तत्पश्चात कलेक्टर अवि प्रसाद के साथ उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक गणों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ ली गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में केसीएस स्कूल की छात्रा वंशिका सेन द्वारा गीत एवं गीता ज्ञान से संबंधित कहानी प्रस्तुत की गई एवं गर्लस कालेज की श्रद्धा गुप्ता द्वारा तैयार किया गया नाट्य गीत छात्राओं द्वारा किया गया। इसी प्रकार ए. रविन्द्र राव स्कूल के प्र प्राचार्य मनोज चैधरी के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा छाऊ नृत्य की प्रस्तुति के साथ साथ साथ ही भोपाल से पधारे कलाकारों ने राजस्थानी कठपुतली नृत्य के माध्यम से समाज में शासन की समस्त योजनाओं का संदेश दिया तथा योजनाओं से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा एकल गायन सामूहिक नृत्य नृत्य वाटिका विशेष प्रस्तुति की गई जिसमें एकल गायन में वंशिका सेन केसीएस शाला प्रथम स्थान दीपक विश्वकर्मा ए रविन्द्रराव शाला द्वितीय स्थान वंदना सिंह गर्ल्स कालेज तृतीय स्थान पर रहें एवं सान्त्वना पुरूस्कार से अफजल अली को पुरस्कृत किया गया।

इसी प्रकार सामूहिक नृत्य में पपेट नृत्य केसीएस शाला को प्रथम बुन्देलखंडी नृत्य में साधूराम विद्यालय को द्वितीय एवं दुल्हन चली केसीएस शाला को तृतीय स्थान एवं अरवार नृत्य में केसीएस शाला को सान्त्वना पुरूस्कार प्राप्त हुआ। नृत्य वाटिका में बेटी बचाओ ए रविन्द्रराव शाला को प्रथम बेटी बचाओ गर्ल्स कालेज को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विशेष प्रस्तुति में गीतांजली कला परिषद को प्रथम छाऊ नृत्य में ए रविन्द्रराव शाला को द्वितीय एवं आन्या दुबे गीताजली कला परिषद को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम स्वनिधि प्रधानमंत्री आवास योजना पीएम मातृ बंदना योजना स्वच्छ भारत के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण निर्माण योजना के लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया गया एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सफाई मित्र फायर मेन,स्थानीय कलाकार खिलाडी समाज सेवी महिलाओं द्वारा विशेष उपलब्धि हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

### जिले के खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड व सिल्वर मेडल

**कटनी।** हरियाणाा में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल कराटे चैंपियनशिप में कटनी खिलाड़ियों ने 4 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल जीते। ऑल इंडिया नेशनल कराटे चैंपियनशिप कराटे एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में पंजाबी धर्मशाला हरियाणा कुरुक्षेत्र में आयोजित चैम्पियनशिप में कटनी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कराटे नेशनल गेम में 4 गोल्ड सहित 3 सिल्वर मेडल जीतकर कटनी का नाम रोशन किया। मेडल जीतने वालों में आकाश सर ने गोल्ड/गोल्ड मेडल, अथर्व सिंह ने गोल्ड मेडल, श्री विश्वकर्मा ने सिल्वर मेडल, नैंसी पांडे गोल्ड/सिल्वर मेडल, अर्नव गुप्ता -सिल्वर/ ब्राउंस मेडल, आदि निषाद -सिल्वर/ब्राउंस मेडल, शांतनु नामदेव - सिल्वर/ब्राउंस मेडल प्राप्त कर कटनी जिले और प्रताप कराटे एकेडमी का नाम रोशन किया।

## खबर संक्षेप



### अल्प प्रवास के लिए पवई पहुंचे बागेश्वर धाम सरकार

**पन्ना।** कटनी जिले के पुरैनी में बनने वाले बागेश्वर धाम आश्रम का भूमि पूजन करने के उपरांत बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सोमवार को बागेश्वर धाम जाते समय अल्प प्रवास के लिए पवई पहुंचे जहां वह बागेश्वर धाम शिष्य मंडल के शैलेश नगायच के निवास पर अल्प समय के लिए रुके एवं उनका हाल-चाल जाना साथ ही जलपान भी ग्रहण किया द्य बागेश्वर धाम सरकार के पवई पहुंचने की जानकारी जैसे ही नगर वासियों को लगी तो तत्काल ही सैकड़ो की संख्या में नगर वासी दर्शन करने के लिए नगायच निवास पर इकट्ठे हो गए एवं महाराज श्री के दर्शन का लाभ प्राप्त किया द्य महाराज के दर्शन पाने हजारों भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा लगभग आधा घंटे तक महाराज ने पवई में विश्राम किया और भक्तों को दर्शन दिए उन्होंने अपने आशीष वचन में कहा कि आने वाले समय में हनुमान भाटे में बालाजी के आशीर्वाद से धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगा, इस दौरान संतोष नगायच अरुण नगायच नगायच परिवार व भक्तगण मौजूद रहे।

### अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती मनाई



**पन्ना।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फुलवारी गुखोर राजापुर के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई जिसमें गोष्टी रैली स्वच्छता वृक्षारोपण कार्यक्रम खेलकूद आयोजित किए गए कार्यक्रम में अटल जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके शासन काल मे किए गए कार्यों पर चर्चा हुई प्रधानमंत्री सड़क योजना प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड जैसे इतिहासिक कामों को याद किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवांकुर संस्था से एम एल विश्वकर्मा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजापुर के अजय वर्मा गुखोर से दिनेश कुशवाहा मुन्नालाल कुशवाहा राजेंद्र लूनिया शीतल प्रसाद कुशवाहा कंदीलाल कुशवाहा गणपत कुशवाहा मोहन सिंह कुशवाहा तीरथ प्रसाद हर प्रसाद कुशवाहा बलिराम यादव राम ब्रज कुशवाहा लल्लू लाल यादव इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला महामंत्री बने राम नारायण चौरसिया

**पन्ना।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा



पन्ना जिले के मोहनद्रा निवासी समाजसेवी वरिष्ठ भाजपा नेता रामनारायण चौरसिया को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन का जिला महामंत्री बनने पर श्री चौरसिया को पन्ना जिले के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं समाजसेवी संगठन साथियों एवं स्थानीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया हैं।

### कई अधिकारी अब कहीं न कहीं असमंजस के हालात में जरूर हो सकते है

**पन्ना।** राजनीति का रूतबा ही प्रशासनिक अधिकारियों को जगह बनाने व हिलाने को लेकर जाना जाता है। जिले में जिस तरह के हालात की दिशा तय हो रही है उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में कई राजनैतिक सरंक्षण वाले प्रशासनिक अधिकारी जो पन्ना को ही जागीर बनाये हुए है। ये अपनी जगह जरूर तालाशने को लेकर मजबूर हो सकते है क्योंकि स्वयं को स्थापित करने में इन्हें अपनी संरक्षण की स्थिति को लेकर जो हालात कायम थे वह सायद अब काम न आये।

# घने कोहरे की चादर में ढंका रहा नगर, दस बजे तक छाई रही धुंध





**हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा**

बीते 5 दिनों से क्षेत्र में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिन-रात के पारे में उछाल आ रहा था इसके कारण सोमवार की सुबह मौसम पूरी तरह बदला नजर आया। पूरा शहर व क्षेत्र कोहरे की चादर में ढका रहा। लोगों को दूर-दूर तक कुछ नजर नहीं आया जिसके कारण वाहन चालक भी धीमी गति से चले सुबह की भोर में घूमने के लिए निकलने वाले लोगों को यह पता नहीं था कि घना कोहरा हो सकता है इसके बाद वह कोहरा हटने का इंतजार करते रहे या फिर कोहरे के बीच सावधानी से निकलने का प्रयास करते नजर आए। साथ ही ठंड का असर भी तेजी से दिखाई दिया। दिन का पर 24.4 और रात का पर 7.9 डिग्री दर्ज किया गया। सीजन में दूसरी बार सबसे घना कोहरा सोमवार को छाया रहा जो सुबह 10 बजे तक रहा। सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की वजह से सड़कों पर वहां भी कम दिखाई दिए कुछ वाहन सड़कों से निकले वह भी लाइट जलाकर चले। वही सुबह कोहरे की चादर के बीच फसलों पर बर्फ सी जमीन नजर आई एक का एक पर गिरने से पूरा आंचल कब-कब आ गया लोगों ने अलाव जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास किया। इसके बाद धीरे-धीरे धूप निकलना शुरू हुई। ज्ञात हो कि साल के आखिरी सप्ताह की शुरुआत के साथ ही सर्दी ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया। सर्दी के इस मौसम में नगर पालिका द्वारा नगर के चौक चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है।

## अटल जी ने देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी

# सुशासन के प्रतीक थे अटल जी : रामबिहारी



**पन्ना।**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज 99वीं जयंती है। उनकी जयंती को देश सुशासन दिवस के तौर पर मनाता है। सोमवार को पन्ना जिले के समस्त बूथों में अटल जी की जयंती मनाई गई तथा समस्त जिला पदाधिकारी ने अपने बूथ में अटल जी को श्रद्धांजलिअर्पित की। इसी क्रम मैं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राम बिहारी चौरसिया ने अपने बूथ में जाकर माननीय अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुएश्री चोराशिया ने कि ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उनका स्मरण कर उन्हें नमन करता हूं। अटल जी ने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की और भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया ने कहा कि जहां एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया, तो वहीं दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्री मदन मोहन पांडे ने इस अवसर पर कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कुशल प्रशासक, राजनीतिज्ञ एवं लोकप्रिय जन नेता के साथ महान वक्ता थे, जिन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग सम्मान देते थे। स्व. वाजपेयी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था। चौधरी ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, हमारे पथ प्रदर्शक हैं, उनकों कोटि-कोटि नमन। राष्ट्रोत्थान व जनसेवा को समर्पित उनका संपूर्ण जीवन सदैव हमारी प्रेरणा बना रहेगा। इस मौक पर श्री हरेंद्र त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष, राम सिरोमन पांडे मंडल उपाध्यक्ष, श्री शिव नारायण मिश्रा मंडल महामंत्री ,श्री अजय सोनकर श्री गणेश कुशवाहा, श्री अशोक यादव श्री हरिशंकर गर्ग और भी बहुत संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया




**हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की की जन्म जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने विधायक वरिष्ठ भाजपा नेता भाव सिंह लोधी रूपेश सेन के नेतृत्व में उनकी छवि पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षकों अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों सहित ग्राम की वरिष्ठ नागरिकों का पुष्पहार पहनकर श्रीफल शाल भेंट करके सम्मान किया

इस मौके पर मौजूद भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रुपेश सेन ने उनके राजनीति में योगदान को अमूल्य बताया। अटल जी पहले प्रधानमंत्री थे। उन्होंने भारत को दुनिया में ताकतवर देश होने की पहचान दिलाना शुरू की थी। साथ ही अपने कार्यकाल के दौरान कई जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू की थी। वरिष्ठ भाजपा नेता भाव सिंह ठाकुर ने कहा साल 2014 में अटल बिहारी वाजपेयी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इसके बाद से अटल जी की जयंती को भारत में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने अपने शासनकाल मे देशवासियों के लिए कई बड़े फैसले किए। जब अटल जी सभा में भाषण देने के लिए मंच पर आते थे तो लोग उनकी बातों में पूरी तरह से मग्न हो जाया करते थे। अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थित रही।

# लोकार्पण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

### सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल जबेरा में किया गया विधायक निधि द्वारा निर्मित नवीन अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण एवं मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2022-23 में प्रदेश में नवम स्थान प्राप्त करने वाली रुचि साहू का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।



**हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा**

इस सम्मान समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी एन दुबे पूर्व सी एस पी, अध्यक्ष पूर्व शिक्षक भाव सिंह लोधी एवं विशिष्ट अतिथि डीपी दुबे पूर्व विधानसभा उप सचिव मध्य प्रदेश व जिला संघ चालक डॉक्टर अश्वनी नामदेव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलं व सरस्वती वंदना के साथ किया गया इसके बाद सर्वप्रथम कार्यक्रम की प्रस्तावना विद्यालय प्राचार्य रमेश कुमार साहू के द्वारा रखी गई एवं मंच पर उपस्थित अतिथियों का सम्मान साल व श्रीफल से किया गया फिर सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययन करने वाली पूर्व छात्रा रुचि साहू जिसने वर्ष 2022-23 की परीक्षा में मध्य प्रदेश में नौवा स्थान प्राप्त किया था उसका सम्मान उपस्थित अतिथियों के द्वारा विद्यालय प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के बीच सभी का स्वागत बंधन तिलक लगाकर किया गया। एवं उनके बीच विद्यालय विकास और भैया बहनों की बेहतर भविष्य के लिए पूर्व सी एस पी सी एन दुबे के द्वारा माननीय अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन पर आधारित अनुभवों को व्यक्त किया और उन्हें याद करते हुए लोगों को राष्ट्रहित के कार्यों में संलग्न होने के लिए प्रेरित किया।। इसके साथ पूर्व शिक्षक भाव सिंह लोधी नोहटा के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल जबेरा के लिए बाउंड्री बाल निर्माण में 200000 की राशि देने की घोषणा की गई।इस कार्यक्रम का संचालन आचार्य महेंद्र ठाकुर के द्वारा किया गया और आचार्य दयाराम रैकवार के द्वारा सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत आभार व्यक्त किया गया। जिसमें समस्त आचार्य परिवार , माधव शिक्षा समिति आमंत्रित अतिथियों व पत्रकारों की उपस्थिति रही।

# बच्चों की लड़ाई पर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत लुहारी ग्राम में बीती रविवार की रात दो पक्षों में आपसी विवाद के चलते लाठी डंडों से मारपीट की घटना में दोनों पक्षों में करीब दस लोगो के घायल होने की जानकारी सामने आई जहां पुलिस थाना को मिली सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा विवाद में घायल हुए दोनो पक्षों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया।जानकारी के अनुसार लुहारी निवासी हरिसींग एवं उसके पड़ोसी रघुनाथ का बच्चों के झगड़े को लेकर विवाद उपजा और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो पक्ष ने एक दूसरे के ऊपर फाबड़ा लाठियो से हमला कर दिया जिसमें पहले पक्ष से हरिसींग तरबर एवं उनके परिवार के दो सदस्य घायल हो गए वही मारपीट में दूसरे पक्ष से रघुनाथ प्रानसींग तेजी सींग सहित तीन लोगों को चोटें आनें से घायल हो गये।सभी घायलों का सिविल अस्पताल में उपचार उपरांत दोनों पक्षों की शिकायत पर हटा पुलिस थाना में दोनों पक्षों के खिलाफ काउन्टर केस दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया।

# सदविचारों की मार्गदर्शिका है अखंड ज्योति

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा**

गायत्री शक्तिपीठ में अखंड ज्योति पत्रिका का पाठक मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुरारी लाल अग्रवाल की अध्यक्षता एवं दिनेश दुबे तहसील समन्वयक मुख्य अतिथि के दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में रतन अग्रवाल ने कहा कि 10 साल पुरानी पत्रिका भी आज भी उतनी ही उपयोगी है जितनी नई पत्रिका, इन पत्रिकाओं में छपी सामग्री में आज की सभी समस्याओं का समाधान मिल जाता है। पं दिनेश दुबे ने बताया अखंड ज्योति स्वाध्याय एवं सद् विचारों की मार्गदर्शिका है,1940 से इस पत्रिका का सतत प्रकाशन चल रहा है। आज यह पत्रिका विभिन्न भाषाओं में 12 लाख के लगभग बिना विज्ञापन के प्रकाशित हो रही है। इस पत्रिका में पं श्रीराम शर्मा आचार्य जी की जीवन



साधना का निचोड़ है। प्रीतम प्रसाद पाठक ने इसे धर्म एवं आध्यात्म के तत्व ज्ञान का वैज्ञानिक विश्लेषण वाली आध्यात्मिक पत्रिका बताया। संचालनकर्ता मदन गोपाल दुबे ने बताया वर्तमान में 255 पत्रिकाएं हटा तहसील में वितरित की जा रही हैं 10 आजीवन सदस्य इस पत्रिका के हैं। इस अवसर पर डॉ गोपाल कुसमरिया, अरुण पटेल, जयप्रकाश नेमा ,एमपी बाथरे, नर्मदा असाटी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान पत्रिका वितरकों एवं पाठकों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दिवाकांत श्रीवास्तव, सुशील सेलट, बृजलाल पटेल, रामकिशोर दुबे, गंगाराम नामदेव आदि परिजनों की उपस्थिति रही। हरिनारायण नेमा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सुनवाहा, अधरौटा सहित विभिन्न ग्रामों में आयोजित हुआ शिविर

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में तय निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकासखण्ड दमोह के अधरौटा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत अधरौटा, ग्राम पंचायत भूरी तथा बटियागढ़ विकासखण्ड के मगरोन सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बेली, ग्राम सुनवाहा मे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे, के उद्देश्य से यात्रा आयोजित की जा रही हैं।

# भव्य कलश यात्रा निकाली, गूंजते रहे प्रभु श्रीराम के जयकारे



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार**

बनवार में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई गाजे बाजे के साथ निकाली गई। इस शोभायात्रा में धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के अलावा सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए हाथों में धार्मिक झंडा लिए शोभायात्रा में शामिल लोग प्रभु श्री राम के जयकारे लगाते रहे। ये भव्य शोभायात्रा जिस गलियों मुहल्लों से होती हुई गुजरी वहां मौजूद लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा की शुरुआत बनवार खेर माता मंदिर से की गई। जो ग्राम के हरेक गलियों से होती हुई देव देवालयों में संपन्न हुई अक्षत कलश का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तो महिला पुरुषों ने अक्षत कलश के दर्शन पूजन किए बता दें। पूजित अक्षत कलश श्री राम जन्मभूमि से आए हैं इस समय पूरे देश में पूजित अक्षत कलश भिजवाए गए हैं। 22 जनवरी को श्री रामलला गर्भ ग्रह में विराजमान होंगे यह अक्षत कलश भगवान को समर्पित किए जाएंगे। इस ऐतिहासिक दिन को लेकर पूरे देश मे उत्साह का माहौल है जिसका अद्भुत अलौकिक नजारा लौकिक युग में अक्षत कलश शोभा यात्रा के दौरान देखा जा रहा है।

### पूर्व पीएम अटल बिहारी जी की जयंती मनाई



**दमोह।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 99 जयंती सुशासन दिवस के रूप में फुटेरा वार्ड नंबर 4 में मनाई गई जिसमें वार्ड वासियों एवं भाजपा पदाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री जी के चित्र पर माल्यार्पण, तिलक लगाकर अपनी श्रद्धा भाव प्रकट किया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी भारतीय जनता पार्टी के एक कर्तव्य निष्ठ एवं अनुशासित कार्यकर्ता थे जन संघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना और विस्तार में अटल जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है वह एक ओजस्वी वक्ता थे जो अपने कविताओं और वक्तव्यों से सभी का मन मोह लेते थे। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह चंदेल, भाजपा नगर महामंत्री पवन सिंह चंदेल, दिलीप चौरसिया,वार्ड अध्यक्ष कपिल बिदौल्या, जय सरवरिया, नारायण सिंह ठाकुर, विकास सिंह ठाकुर की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**दमोह**। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 26 दिसम्बर को दमोह विकासखण्ड के ग्वारी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्वारी में प्रातः 9:30 बजे एवं ग्राम पंचायत बिजौरी में दोपहर 1:30 बजे से, बटियागढ़ विकासखण्ड के मगरोन सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदुआ जामशा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत मगरोन में दोपहर 2 बजे से, पथरिया विकासखण्ड के असलाना सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत असलाना में प्रातः 9 बजे एवं ग्राम पंचायत बकेनी में दोपहर 02 बजे से, हटा विकासखण्ड के काईखेड़ा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत काईखेड़ा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत डोली में दोपहर 2:30 बजे से, पटेरा विकासखण्ड के कुड़ई सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़ई में प्रातः 9 बजे एवं ग्राम पंचायत सोजना में 1:30 बजे से तथा तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के बम्हौरी पांजी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बादीपुरा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत धनगौर कलॉ में अपरान्ह 3 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जायेगी।

## व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**दमोह**। राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 की संध्या पर लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन जिला दमोह में किये जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं तथा स्थानीय व्यवस्थाओं के लिये अपर कलेक्टर मीना मसराम ने डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## शिक्षक के पी ताम्रकार नहीं रहे

**पटेरा**। नगर के ताम्रकार समाज के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त शिक्षक के पी ताम्रकार का अल्प बीमारी के पश्चात सतासी वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया।आप नगर के समाजसेवी आलोक ताम्रकार, पटवारी अनुराग ताम्रकार,राज ताम्रकार (जनपद) के पिता जी थे। अंतिम संस्कार में सभी वर्गों के नागरिकों ने भाग लेकर शोक संवेदना व्यक्त की । उनके निवास पर लोग पहुंचकर संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

### जबेरा व पथरिया में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

# मंत्रिमंडल में जिले के दो विधायकों को जगह मिलने से जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंत्रि मंडल विस्तार में राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल आज 28 मंत्रियों को शपथ दिलाई है। जिसमें दमोह जिले का बोलबाला देखने को मिला है। दमोह जिले से दो विधायकों को स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री बनाया गया है। वही दमोह के पूर्व सांसद प्रहलाद पटेल को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है। जिससे उनके समर्थकों के बीच में जश्न का माहौल है। जिले के जबेरा से लगातार दूसरी बार निर्वाचित धर्मेंद्र सिंह लोधी तथा पथरिया से दूसरी बार निर्वाचित लखन पटेल को स्वतंत्र प्रभार वाला राज्य मंत्री बनाया गया है। दमोह जिले के इन दोनों ही विधायकों के शपथ लेते ही इनके निर्वाचन क्षेत्र जबेरा तथा पथरिया में जश्न का माहौल बना हुआ है। इनके समर्थकों द्वारा पटाखे फोड़कर ढोल नगाड़े बजाकर मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई जा रही है।

दमोह से सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री और नरसिंहपुर से विधायक चुने गए प्रहलाद सिंह पटेल को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है। जिससे कहा जा सकता है कि दमोह से जुड़े तीन नेता ओं को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल में जगह मिली है और ऐसे में आने वाले दिनों में दमोह जिले में समस्याओं के समाधान होने के साथ विकास की गंगा बहाने की आस लगाई जा सकती है।



जबेरा क्षेत्र से विधायक धर्मेन्द्र सिहं लोधी की उम्र 45 वर्ष है। इन्होने हिन्दी से एमए, बीएड, गणित से बीएससी की डिग्री प्राप्त है। विद्यार्थी जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुडे रहे है । भाजपा के जीते विधायकों में युवा चेहरा भी है।



पथरिया क्षेत्र से विधायक लखन पटैल की उम्र 67 वर्षीय है। उन्होने जवाहर लाल नेहरू कृषि विवि से कृषि विषय से एमएससी की उपाधी प्राप्त है। उच्च शिक्षित होने के साथ ही पूर्व में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष भी रहे है।

## दोनों दूसरी बार बने विधायक, पहली बार बने मंत्री

**दमोह**। नये मुख्यमंत्री का बहुप्रतीक्षित मंत्रीमंडल का अंततः शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हो गया। इसमें जिले से दो नये चेहरों को पहली बार मंत्री बनने का मौका मिला है। पथरिया से दूसरी बार विधायक बने लखन पटेल एवं जबेरा से दूसरी बार विधायक बने धर्मेन्द्र सींग को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार में शपथ ली है। जबेरा से पूर्व में उपचुनाव में जीते दशरथ सींग कुछ समय के लिये राज्यमंत्री बने थे तो वहीं कांग्रेस शासन में रत्नेश सालोमन एक बार संसदीय सचिव व दो बार केबीनेट मंत्री बने सिहं उच्च शिक्षा उपमंत्री बन चुके है। जबकि पथरिया से रामकृष्ण कुसमरिया पूर्व में पथरिया से विधायक बन कर केबीनेट मंत्री बने थे। जिससे दोनो ही क्षेत्रों में समर्थकों में खुशी व्याप्त है। सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज कराने वाली उमा देवी खटीक जो तीसरी बार विधायक बनी है को मंत्री न बनाये जाने से कार्यकर्ताओं में निराशा रही।

## पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेई की जयंती पर अटल प्रशंसकों ने किया रक्तदान

**दमोह**। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की 99 वति जन्म जयंती पर दमोह जिला मुख्यालय पर अटल प्रशंसकों ने रक्तदान करके जीते जी रक्तदान मृत्यु उपरांत नेत्रदान के संकल्प को दोहराया गया। जिला अस्पताल ब्लड बैंक में रेडक्रॉस सोसायटी तथा महामाया रक्तदान समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि उपरांत वरिष्ठ पत्रकार अटल राजेंद्र जैन ने 11वां रक्तदान करके जरूरतमंद को अपना ब्लड प्रदान किया। इस मौकी पर अखिलेश रजक एवं दीपक पटेल ने भी ब्लड डोनेट किया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश सदस्य केके परोहा, भाजपा मीडिया से प्रभारी महेंद्र जैन, इम्तियाज चिश्ती, अजीत सिंह राजपूत, तनुज पाराशर सहित अनेक लोगो ने भी सहभागिता दर्ज करके पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती मनाई।



## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पं.बिहारी लाल गौतम का दु:खद निधन

**दमोह**। नगर शोक समिति के संयोजक मोंटी रैकवार ने जानकारी देते हुए बताया है कि पूर्व सांसद प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित आलोक गोस्वामी के जीजा एवं पंडित रामभरोसे गौतम, नन्हे भाई गौतम,के भाई भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष,बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक और दमोह के सामाजिक कार्यकर्ता पंडित श्री बिहारी लाल गौतम जी का ह्रदय गति रूक जाने के कारण दुखद निधन हो गया है। जिनका अंतिम शवयात्रा 26 दिसम्बर 2023 दिन मंगलवार को उनके निज निवास पलंदी चौराहे से प्रारंभ होगी जो राय तिगड्डा, घंटाघर,उमा मिस्त्री की तलैया, महाकाली चौराहा, गौरीशंकर तिगड्डा होकर हटा नाका मुक्ति धाम जाएगी।



## जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह के गृह ग्राम नोहटा में जश्न

**बनवारा** जबेरा 56 से बीजेपी विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मंत्रिमंडल में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री पद की शपथ राज्य भवन भोपाल में लेते ही उनके गृह जिले दमोह का गृह ग्राम नोहटा जश्न में डूबा है. मंत्री बनने की खुशी में खूब पटाखे जल रहे हैं.लोग एक दूसरे को खुशी के माहौल में मुंह मीठा करके खुशी का इजहार कर रहे हैं। वही , विधानसभा के ग्रामीणों क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं द्वारा रंग-अबीर और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी जा रही है. जबेरा विधानसभा से लगातार दूसरी बार भारी मतों से जीत विधायक बने धर्मेंद्र सिंह लोधी युवा चेहरा है और क्षेत्र की जनता में काफी लोकप्रिय होने के साथ अपने क्षेत्र में सक्रिय रहते है। यही वजह है कि युवा चेहरा होने के और आरएसएस बैकग्राउंड की वजह से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मंत्रिमंडल में जगह मिली है वही जबेरा में आयोजित पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीयपंडित अटल बिहारी जन्म जयंती समारोह में उनके पिता श्री वरिष्ठ भाजपा नेता भाव सिंह ठाकुर ने अपने बेटे धर्मेंद्र सिंह को मंत्री बनने पर खुशी का इजहार करते हुए कहा यह संभव हुआ क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से।

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया क्रिसमस पर्व



**दमोह**। देश और दुनियाभर में क्रिसमस पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के अवसर मनाए जाने वाले क्रिसमस पर्व पर दमोह चर्च भवन में सैकड़ों की संख्या में मसीही समाज के लोग जमा हुए और बड़ा दिन मनाते हुए आराधना सभा में भाग लिया। इस अवसर पर दमोह चर्च भवन में विशेष आराधना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ प्राथना सभा की शुरुआत सलिल राम की प्राथना से हुई। चर्च के कार्यक्रमों की सूचनाएं डॉ अजय लाल ने दी चर्च आराधना का संचालन डॉ विवर्त लाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ अजय लाल ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म पर आधारित सुन्दर एवं प्रभावशाली सन्देश प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत राजकमल डेविड लाल ने किया। इस मौके पर सभी धर्मों के लोगों ने चर्च भवन पहुँचकर मसीही समाज के लोगों को शुभकामनाएं दी जिसमें संतोष भारती, भगवानदास चौधरी, आज़म खान, अकरम खान, मनु मिश्रा, बलविंदर सिंह गाँधी, इंदरजत सिह बग्गा, राजेश मोगिया, सरवर पठान, मुकेश रोहित सहित अनेक लोगों ने समाज के लोगों को शुभकामनाएं दीं।



## मुनिश्री विश्रांत सागरजी की हुई मंगल आगवानी



**दमोह**। गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के परम प्रभाव शिष्य मुनिश्री विश्राम सागर जी महाराज का संघ सहित दमोह नगर आगमन पर सोमवार को सकल जैन समाज द्वारा मंगल अगवानी की गई। नरसिंहगढ़ मार्ग से होते हुए हटा नाका से दमोह नगर में मंगल प्रवेश करने पर पूज्य मुनि श्री 108 विश्रांत सागर जी महाराज ससंघ की मंगल आगवानी करने बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंचे। ढोल बाजों के साथ मुनि संघ को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर की लाया गया। यहां भी भव्य अगवानी की गई। इस अवसर पर जैन धर्मशाला में मुनि श्री विश्राम सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन भी हुए। सोमवार को आहारचार्य उपरांत दोपहर तथा संध्या की क्लास का लाभ भी भक्तजनों को प्राप्त हुआ। मंगलवार को प्रातः बेला में मुनिश्री के प्रवचन जैन धर्मशाला में आयोजित किए गए हैं जिसमें सकल समाज से उपस्थिति की अपील नन्हे मंदिर के महामंत्री राजकुमार जैन रानू ने की है।




## 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर के वार्ड क्रमांक 8 गौशाला मे 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ चल रहा है। शनिवार के दिन इसकी भव्य कलश यात्रा निकाली गई और आज से यज्ञ आरंभ हुआ। महायज्ञ के पहले दिन शन्तिकुंज हरिद्वार से आई टोली ने सर्वेप्रथम देवो का आह्वान किया। उसके बाद हवन पूजन हुआ उसके बाद यज्ञ के महत्व को बिस्तार से बताया योगिराज बल की टोली प्रभारी ने यज्ञ के पहले दिन यज्ञ के महत्व को बताया। उन्होंने कहा की यज्ञ से देवताओं को प्रसन्न किया जा सकता है साथ ही मनचाहा फल भी प्राप्त किया जा सकता है। ब्रह्मा ने मनुष्य के साथ ही यज्ञ की भी रचना की और मनुष्य से कहा इस यज्ञ के द्वारा ही तुम्हारी उन्नति होगी। यज्ञ तुम्हारी इच्छित कामनाओं, आवश्यकताओं को पूर्ण करेगा। तुम यज्ञ के द्वारा देवताओं को पुष्ट करो, वे तुम्हारी उन्नति करेंगे।





### 450 महिला पुरुष ने किया हवन

नगर मे आयोजित हुये 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के पहले दिन तेज कोहरे के बीच भी बड़ी तादात मे श्रद्धांलु पहुँचे और उन्होंने यज्ञ के पहले दिन हवन पूजन किया आज महायज्ञ के पहले दिन 450 महिला पुरुष ने अपने परिवारों के साथ पहुंचकर हवन कर धर्म लाभ उठाया। सनातन परंपरा में हवन अथवा यज्ञ एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके बिना अधिकांश मांगलिक कार्य पूर्ण नहीं होते हैं। किसी भी मांगलिक कार्य में शुद्धिकरण और भगवान के आह्वान के लिए हवन या यज्ञ आयोजित किया जाता है। हवन इत्यादि में प्रज्वलित की जाने वाली अग्नि मनुष्य के जीवन में विशेष महत्त्व निभाते हैं और इसलिए इन्हें देवता के रूप में भी पूजा जाता है। तेंदूखेड़ा नगर मे 51 कुण्डीय महायज्ञ का आज से आरभ हो गया है। पहले दिन देवत्व का आह्वान हुआ पूजा अर्चना की गई मदन नामदेव ने बताया की 51 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन गायत्री परिबार दुवारा किया गया है। जो 27 दिसम्बर तक चलेगा इस यज्ञ का मुख्य उदेश्य सनातन परम्परा लागु करना और धरती पर स्वर्ग की उत्पत्ति करना है।